उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी

(उ0प्र0 सरकार)

اتر پردیش اردو اکادمی

(حکومت اتر پردیش)

पत्रांक UA/524/2023

दिनांक 10/07/2023

उ० प्र० उर्दू अकादमी द्वारा उर्दू पढ़ने वाले कक्षा–6 से 12 तक के छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

(फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2023)

लखनऊ :

उ० प्र० उर्दू अकादमी उ० प्र० राज्य के मान्यता प्राप्त स्कूलों/कालेजों में एक विषय उर्दू के साथ कक्षा 06 से 12 तक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र एवं छात्राओं से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित है उक्त कक्षाओं के केवल उन्हीं विद्यार्थियों के आवेदन–पत्र पर विचार किया जाएगा जिन्होंने अपनी पिछली वार्षिक परीक्षा में उर्दू विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा कुल योग का न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, **2023** शाम पाँच बजे तक है।

छात्रवृत्ति हेतु आवेदन फार्म सचिव, उ० प्र० उर्दू अकादमी, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से टिकट लगा लिफाफा जिस पर नाम व पता साफ–साफ लिखा हो, भेजकर, या स्वयं कार्यालय आकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन फार्म अकादमी की वेबसाइट www.upurduakademi.in से भी Download किया जा सकता है।

यह छात्रवृत्ति उर्दू शिक्षा के प्रसार के लिए है तथा मेरिट के आधार पर दी जाती है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा अपूर्ण आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाऐगा। यह जानकारी सचिव अकादमी एस0एम0 आदिल हसन ने दी है।

Claa

प्रकाशनार्थ

Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226 010
website : www.upurduakademi.org | e-mail : upurduakademi3@gmail.com
Phone : 0522 - 4022924